## खबर संक्षेप

### युकां विधानसभा अध्यक्ष बने कृष्णप्रताप सिंह

**बिछुआ।** प्रदेश से लेकर ब्लॉक स्तर तक आयोजित युवक कांग्रेस चुनावों के परिणाम गुरुवार को घोषित कर दिए गए। इन चुनावों का युवाओं को लंबे समय से इंतजार था। घोषित परिणामों में



चौरई विधानसभा क्षेत्र से युवा नेता रिंकू पटेल ने शानदार जीत दर्ज करते हुए युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष पद अपने नाम किया। विजय के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष रिंकू पटेल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मा. कमलनाथ जी ओर पूर्व सांसद मा. नकुलनाथ जी द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई हे उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ उसका निर्वहन करते हुए संगठन से युवाओं को जोड़ने का कार्य कर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

### कोदो-कुटकी फसल के पंजीयन की तिथि अब 15 नवंबर तक

**छिन्दवाड़ा।** राज्य शासन द्वारा संचालित रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत श्रीअन्न प्रोत्साहन कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा चयनित जिलों में कोदो एवं कुटकी उपार्जन किया जाना है, जिसके लिये खरीफ वर्ष 2025 में ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन की अंतिम तिथि 09 नवंबर 2025 तक थी, जिसे बढ़ाकर अब 15 नवंबर 2025 तक कर दी गई है। जिले में पंजीयन के लिए निर्धारित केंद्रों में तहसील हर्रई में सेवा सहकारी संस्था बटकाखापा, धनौरा और हर्रई, तहसील तामिया में तामिया एवं छिन्दी पातालकोट, तहसील जुन्नारदेव में जुन्नारदेव सेवा सहकारी संस्था, तहसील परासिया, उमरेठ एवं मोहखेड़ में सेवा सहकारी संस्था पगारा तथा तहसील अमरवाड़ा में सेवा सहकारी संस्था घोघरी को पंजीयन केंद्र के रूप में निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त किसान एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर, लोकसेवा केंद्र या स्वयं के मोबाइल अथवा कंप्यूटर से एमपी किसान एप पर जाकर भी पंजीयन कर सकते हैं।

### लापरवाह बना निगम, लाखों खर्च करने के बाद भी सड़कों पर मवेशियों लग रहा जमावड़ा

# आवारा मवेशी बन रहे यातायात में रोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



शहर में सड़कों पर खुलेआम घूम रहे आवारा मवेशी यातायात में रोड़ा बन रहे है। इस ओर नगर निगम का कोई ध्यान नहीं है। निगम लापरवाह बना बैठा है। लाखों रूपए खर्च करने के बाद भी सड़कों पर इन आवारा मवेशियों का जमावड़ा लग रहा है। नगर निगम हर महीने आवारा पशुओं को पकड़ने लाखों रूपए खर्च कर रहा है। इसके बाद भी शहर के मुख्य मार्गों पर आवारा पशुओं की चहल कदमी कम नहीं हो रही है।

आवारा मवेशी सड़कों पर रोजाना अपना कब्जा जमाए रहते है। इससे मुख्य मार्गों पर आवारा पशुओं की चहल-कदमी से यातायात खासा प्रभावित हो रहा है। हालात यह है कि आवारा पशुओं के कारण सड़कों पर हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे वाहन चालकों को निकलने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई मर्तबा आवारा पशु वाहुन चालकों पर अचानक दौड़ जाते है। ऐसे में बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। इधर नगर निगम भी आवारा पशुओं को पकड़ने कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। जिससे दिन-ब-दिन आवारा पशुओं की चहल-कदमी बढ़ती जा रही है। दरअसल शहर में तकरीबन एक दर्जन से अधिक अवैध तबेले शहर में संचालित हो रहे है। जिनमें दर्शनों मवेशी पाले जा रहे है। इनमें गायों की संख्या अधिक है।

जब गाय दुधारू रहती है, तब पशु मालिक गायों की सेवा करते है। इसके बाद गाय दूध देना बंद कर देती है, तब इन्हें सड़कों पर आवारा छोड़ दिया जाता है। इस घर तरह की स्थिति सबसे अधिक परासिया रोड पर कचरा घर के सामने देखने मिल रही है। जहां रोजाना 60-80 मवेशी कचरा के सामने सड़क पर डेरा डाले रहते है। मौका मिलते ही कचरा में आई भोजन सामग्री या सब्जियों के छिलके खाने पहुंच जाते है।

जब इन्हें अंदर से खदेड़ दिया जाता है, तब सड़क पर आकर फिर खड़े हो जाते है, या बैठ जाते है। इसके व्यस्तम मार्ग माने जाने वाला परासिया रोड पर जाम लग जाता है। इनके सामने बस हो या अन्य वाहन हार्न बजाने के बाद भी सड़कों से अलग नहीं होते। हार्न की आवाज से कई बार मवेशी भड़क जाते है। जिससे सबसे अधिक डर बाइक चालकों को बना रहता है। कई बार बाइक चालकों को गिरा देते है। इससे बाइक चालक घायल हो जाते है। हालांकि दो पहिया वाहन तो जैसे तैसे अपने वाहन लेकर निकल जाते है, लेकिन चौपहिया वाहन या तिपहिया वाहनों को निकलने में भारी मशक्कत करना पड़ती है।

वही सब्जियों और फल की दुकानों के आसपास भी आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। जैसे दुकानदारों का जरा सा भी ध्यान यहां वहां हुआ। मवेशी सब्जियों पर धावा बोल देते हैं। ऐसे में सब्जी व्यापारियों को अच्छा खासा नुकसान हो जाता है। इस मामले में श्री ठोकरे ने बताया कि परासिया जाना था। परासिया मार्ग पर आवारा पशुओं की धमा-चौकड़ी के कारण लंबा जाम लगा था। यहां से निकलने में समय लग गया। इस कारण समय पर डॉ को कॉल करने नहीं पहुंच पाया। हालांकि निगम कभी तबेलों के आसपास रहने वाले लोग परेशान तबेलों में पल रहे पशुओं का गोबल और मूत्र नालियों में बहा दिया जाता है।

गोबर के कारण कई तरह के कीड़े और इल्लियां पनप रहे है। ऐसे में आसपास रहने वाले लोगों के घरों में घुस जाती है। ऐसा नहीं है कि इस बात की शिकायत नहीं की गई हो। शिकायत के बाद निगम ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

**इनका कहना है**

आवारा मवेशियों को पकड़कर गौशाला में लाने की कार्यवाही निरंतर जारी है। आवारा मवेशियों को पकड़ कर गौ-शाला ले जाया जा रहा है। अगर मवेशी सड़कों पर पाए गए तो मालिकों पर जुर्माना की कार्यवाही की जाएगी।

सीपी राय, कमिश्नर नगर निगम छिंदवाड़ा

### कलेक्टर ने पशु चिकित्सकों को लगाई लताड़

## पेट फूलने से 15 से अधिक गौवंशों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

ग्राम हिवरापृथ्विराम और उमरीकला के किसानों ने आज कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ से भेंट कर ग्रामों में केवल 5 दिनों में 15-20 से अधिक गोवंश की मौत पेट फूलने की बीमारी से होने की जानकारी दी। किसानों ने शिकायत की कि पशु चिकित्सकों को समय पर सूचना दिए जाने के बाद भी केवल खानापूर्ति कर लापरवाही बरती जा रही है। डॉक्टरों द्वारा पशुओं का इलाज किए जाने के बाद भी रोग पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। इसके बाद कलेक्टर ने पशु विभाग के अधिकारियों को कडी फटकार लगाते हुए इस मामले में गंभीरता से ध्यान देने के निर्देश दिए। किसानों ने आरोप लगाया है कि पशु विभाग यदि समय रहते चेत जाता तो इतने अधिक गोवंश की मौत ना होती। किसान तुषार मनोहर सिंह ठाकुर द्वारा बार बार निवेदन करने पर भी डॉक्टर दुपारे अपनी मारूड की ड्यूटी में व्यस्त रहे। इस प्रकार डॉक्टरों की लापरवाही के कारण पेट फूलने की बीमारी ने उक्त दो ग्रामों के पशुओं पर अपना प्रभाव डाला है। आज कलेक्टर महोदय की कडी फटकार के बाद पशु चिकित्सालय के डॉक्टर जाग उठे है।

## मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय शालेय बैडमिंटन प्रतियोगिता का पुरूस्कार वितरण के साथ हुआ समापन

### ओवरऑल चैम्पियन बना इंदौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग छिंदवाड़ा द्वारा 07 नवम्बर 2025 से संचालित की जा रही मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय शालेय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आज पुरूस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर एवं अध्यक्ष श्री हरेंद्र नारायन एवं सी.ई.ओ. श्री अग्रिम कुमार, श्री शेषराव यादव, श्री विजय पाण्डे, श्री धर्मेन्द्र मिगलानी, डी.ई.ओ. श्री जी.एस. बघेल, सहायक संचालक श्री डी.पी.डेहरिया, श्री पी.एल.मेश्राम, जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रभारी श्री प्रताप इवनाती सहित स्थानीय विद्यालय के प्राचार्य एवं गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में स्वागत भाषण प्रतिवेदन का वाचन डी.ई.ओ. श्री बघेल द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद पी.एम.श्री एम.एल.बी. स्कूल छिंदवाड़ा की छात्राओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। श्री शेषराव यादव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में देश में खेल और खिलाड़ियों के लिए उचित वातावरण निर्मित किया जा रहा है, जिससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई खेलों में खिलाड़ी पदक प्राप्त कर देश को गौरवांन्वित कर रहे हैं।

## 80 लीटर शराब जप्त, 3000 किलो लाहन किया नष्ट

### गोड़ीवाडोना में पुलिस आबकारी विभाग की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



आबकारी विभाग के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से संचालित हो रही कच्ची शराब को लेकर निरंतर कार्रवाई की जा रही है मंगलवार को भी आबकारी विभाग की टीम नेग्राम गोड़ीवाडोना में अवैध कच्ची शराब पर संयुक्त कार्रवाई, 80 लीटर शराब जब्त, तीन हजार किलो लहान नष्ट किया है।

मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से थाना लोधीखेड़ा,सौसर तथा महाराष्ट्र के थाना केलोद पुलिस ने आबकारी विभाग के सहयोग से संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की। यह कार्रवाई ग्राम गोड़ीवाडोना क्षेत्र में की गई, जहाँ लंबे समय से कच्ची शराब बनाने की शिकायतें मिल रही थीं।कार्रवाई के दौरान पुलिस एवं आबकारी टीम ने मौके पर दबिश देते हुए लगभग 70 से 80 लीटर अवैध रूप से तैयार की गई कच्ची शराब को जब्त किया। साथ ही लगभग 3000 किलो महुआ लहान भी नष्ट किया गया।

टीम ने निर्माण करने में प्रयुक्त किये जाने वाले ड्रम, बर्तन एवं अन्य उपकरणों को भी जब्त किया। पुलिस व आबकारी विभाग द्वारा यह सख्त कार्रवाई स्थानीय स्तर पर अवैध कच्ची शराब कारोबारियों में हड़कंप का कारण बनी है।

एएसपी नीरज सोनी ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब पर लगातार निगरानी रखी जाएगी और इस प्रकार के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र से पड़ौसी राज्य महाराष्ट्र और जिले के अन्य स्थानों पर बड़ी मात्रा कच्ची शराब सप्लाई की जाती थी।

बहरहाल संयुक्त रूप से की गई इस कार्यवाही से कच्ची शराब का अवैध व्यापार करने वालों में हड़कंप मच गया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ओर आबकारी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## बिरसा मुंडा जयंती पर रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**छिंदवाड़ा।** भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आज जनपद पंचायत पांढुर्णा से जिला प्रशासन द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ द्वारा बिरसा मुंडा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री नीलमणी अग्निहोत्री, जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती बन्दू सूर्यवंशी, श्री चंद्रशेखर ढोने सहित जनपद पंचायत का समस्त स्टाफ उपस्थित था। यह रथ यात्रा जनजातीय गौरव दिवस के अंतर्गत जनजातीय नायक भगवान बिरसा मुंडा जी के विचारों और योगदान को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है।

## अब तक 7 लाख 18 हजार से अधिक गणना फॉर्म वितरित

### मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत बीएलओ द्वारा गणना फॉर्म का वितरण कार्य जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत गणना फॉर्म वितरण का कार्य तेजी से जारी है। जिले की पांचों विधानसभाओं में अभी तक कुल 7,18,883 गणना फॉर्म घर-घर जाकर बीएलओ द्वारा वितरित किए जा चुके हैं। यह कार्य 4 नवम्बर से प्रारंभ हुआ है, जो आगामी 4 दिसम्बर 2025 तक जारी रहेगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन में जिलेभर के बीएलओ मतदाताओं के घर जाकर गणना फॉर्म दे रहे हैं। इस दौरान वे प्रत्येक घर पर कम से कम तीन बार पहुंचकर दो प्रतियों में फॉर्म उपलब्ध करा रहे हैं। मतदाताओं को यह फॉर्म भरकर बीएलओ को लौटाना होता है, जिसमें से एक प्रति बीएलओ अपने पास रखते हैं तथा दूसरी प्रति पावती के रूप में मतदाता को दी जाती है। इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के दस्तावेज संलग्न करने की आवश्यकता नहीं है।

इस संबंध में कल आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देशों के परिपालन में आज समस्त एसडीएम द्वारा बीएलओ की बैठक लेकर प्रत्येक बीएलओ के कार्य की समीक्षा की गई। इस दौरान बीएलओ को निर्देशित किया गया गणना फॉर्म प्राप्त होने के तीन दिवस के भीतर शत-प्रतिशत वितरण का कार्य पूरा हो। साथ ही, अधिकारियों द्वारा बीएलओ को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कार्य में आ रही कठिनाइयों का समाधान भी किया गया। कलेक्टर श्री नारायन ने जिले के सभी पात्र मतदाताओं से अपील की है कि वे बीएलओ को सही जानकारी उपलब्ध कराते हुए इस विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग दें, ताकि जिले की मतदाता सूची को और अधिक सटीक व अद्यतन बनाया जा सके।

## राज्य स्तरीय रथ यात्रा द्वारा किया जा रहा प्रचार-प्रसार

**छिन्दवाड़ा।** भारत के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, जल-जंगल-ज़मीन के रक्षक एवं जननायक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष (जनजातीय गौरव वर्ष) के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में विविध जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में राज्य स्तरीय रथ यात्रा का आयोजन किया गया है, जिसका उद्देश्य जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति एवं भगवान बिरसा मुंडा के योगदान का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है। यह रथ यात्रा आज 11 नवम्बर 2025 को विभिन्न विकासखंडों से होती हुई, 12 नवम्बर 2025 को छिंदवाड़ा नगर पहुंचेगी, जहाँ प्रमुख चौराहों, विद्यालयों एवं जनसमूह स्थलों पर जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रथ यात्रा में जनजातीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत करने वाले पोस्टर, नारे, लोकगीत, जनसंदेश एवं ऑडियो-विजुअल माध्यम शामिल किये गये हैं।

## जनसुनवाई : कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने सुनी 16 आवेदकों की समस्यायें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ ने आज कलेक्टर कार्यालय पांढुर्णा के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 16 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये । जनसुनवाई में मुख्य रूप से ज़मीन का सीमांकन करने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, भू-अधिकार पट्टा दिलाने, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने, जाति प्रमाण पत्र बनाने, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाने, खसरा-नक्शा दुरूस्त कराने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम पंधराखेड़ी की श्रीमती कीर्ती बारंगे एवं पांढुर्णा नगर की श्रीमती लक्ष्मीकांता ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने आदि आवेदनों में जनसुनवाई हुई।

## निर्माण कार्यों की गुणवत्ता खराब होने पर कलेक्टर नाराज

### कलेक्टर श्री नारायन ने की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने आज मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने सीएम हेल्पलाइन, सीएम कार्यालय, सीएम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी विस्तृत समीक्षा की। इसके साथ ही विभिन्न समसामयिक एवं अंतर्विभागीय मुद्दों पर चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

### ए ग्रेड में रहें सभी अधिकारी

कलेक्टर श्री नारायन ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी अधिकारी इस माह की रैंकिंग में ए ग्रेड में आने का प्रयास अभी से करें। शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के लिए विशेष प्रयास किए जाएं।

### निर्माण कार्यों की गुणवत्ता देखने करेंगे निरीक्षण

पी.आई.यू से संबंधित समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान नए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता खराब होने की शिकायत पर कलेक्टर श्री नारायन ने कड़ी नाराजगी जाहिर की थी और सुधार कार्य करवाते हुए गुणवत्ता के संबंध में जांच करने के निर्देश दिए थे। आज की बैठक में कार्यपालन यंत्री द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हर्रई और तामिया के निर्माण में स्ट्रक्चर की गुणवत्ता संतोषजनक बताई है। जिसकी पुष्टि कलेक्टर श्री नारायन द्वारा आगामी दिवसों में स्वयं निरीक्षण कर की जाएगी। यदि रिपोर्ट गलत पाई गई तो कार्यवाही की हिदायत दी गई है।

### छिंदवाड़ा नगर के रोड रेस्टोरेशन कार्य का संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश

नगर निगम छिंदवाड़ा के अंतर्गत लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किए जा रहे रोड रेस्टोरेशन कार्य की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश पिछली बैठक में कलेक्टर श्री नारायन ने दिए थे। नगर निगम के इंजीनियर द्वारा सुधार कार्य करा लिए जाने की जानकारी बैठक में दी गई। जिसकी संयुक्त रूप से जांच कर प्रतिवेदन देने के निर्देश एसडीएम छिंदवाड़ा और उपायुक्त नगर निगम को दिए हैं।

### पिछले दो दिनों से मौसम साफ होने से किसानों के खिले चेहरे

## 15 दिन लेट हो रही बोवनी, अब किसानों को बोना होगा कम समय वाली किस्में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



पिछले दो दिनों से मौसम साफ होने से किसानों के चेहरे खिल गए है। किसानों ने अपनी फसलों को काटना और गाहनी शुरू कर दी है। दूसरी तरफ किसान रबी फसल की बोवनी में जुट गया है। इससे कृषि कार्य में वापस रौनक लौट आई है।

बता दें कि पिछले एक माह से लगातार बारिश होने से किसानों में मायूसी छाई हुई थी। किसानों को फसल काटने का मौका नहीं मिल पा रहा था। जिन किसानों ने अपनी फसल काट कर रख ली थी, वे किसान गाहनी नहीं कर पा रहे है। हालात यह रहे कि किसानों के रखे हुए मक्के में अंकुर फूट आए। ऐसे में किसानों को मक्का सहित अन्य फसलों को भारी नुकसान हुआ है। जिन किसानों की फसल कट नहीं पाई थी। उन किसानों की फसलें सुरक्षित है।

अब मौसम साफ होने के बाद ऐसे किसान अपनी फसलों को काटने के बाद गाहनी में जुट गए है। दूसरी तरफ किसान अपनी रबी फसल की तैयारियों में भी जुटे हुए है। पिछले दो दिनों से मौसम साफ होने से न्यूनतम पारा 17.5 डिग्री से लुढकर 11.7 डिग्री पर आ गया है। वही अधिकतम तापमान में कोई खास परिवर्तन देखने नहीं मिला है। मौसम वैज्ञानिक संत कुमार शमां की माने तो अगले एक पखवाड़े तक बारिश की कोई संभावना नहीं है। वैज्ञानिकों ने सलाह दी है कि किसान भाई अपनी जल्द गेहूं और चने की बोवनी शुरू कर लें। वही सब्जी में आलू और मटर की फसल भी लगा सकते है। यह मौसम इन फसलों के लिए बेहतर है।

### लंबे समय की फसल से करें परहेज

मौसम साफ होने के बाद किसान अपनी बोवनी कार्य में जुट गए है। वैज्ञानिकों के मुताबिक किसान बोवनी से 15 दिन लेट हो गए है। इसलिए किसानों को लंबे फसलों की परहेज करना चाहिए। किसानों को कम समय के बीजों की बोवनी करना चाहिए। जिससे समय पर फसलों की कटाई कर सके।कृषकों के लिए विशेष सलाहगेहूं, चना, मसूर, मटर, अलसी और सरसों की बुवाई एवं भूमि तैयारी के लिए अनुकूल परिस्थितियों है।

### बुवाई से पहले बीज उपचार अवश्य करें

फफदनाशी (जैसे थिरम या कैप्टान च 2-3 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज) तथा जैव उर्वरक (राइजोबियम/पीएसबी) से उपचारित करें, जिससे बेहतर अंकुरण और रोगों की रोकथाम हो सके। सब्जियों और दलहनी फसलों में माहू (अपहिद), जासिड (जस्सिद) तथा झुलसा (ब्लाइट) रोग की नियमित निगरानी करें। यदि इनकी उपस्थिति दिखाई दे, तो साफ मौसम में ही अनुशंसित कीटनाशक का छिड़काव करें। पशुओं को स्वच्छ पेयजल और सूखा चारा उपलब्ध कराएं। पशुशाला में उचित स्वच्छता एवं वेंटिलेशन (हवा आने-जाने की व्यवस्था) बनाए रखें।

## बड़ोसा जनपद के लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर दी लिखित शिकायत

# हितग्राहियों को दर-दर भटका रही केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार- कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भाजपा सरकार के ढोल में बड़ा पोल है। अनेकों-अनेक योजनाएं कागजों में दफन हो रही। भाषणों और घोषणाओं के पुल बांधने वाले भाजपाई भी जमीनी हकीकत से कोसो दूर पहुंच चुके हैं, इसीलिये पात्र हितग्राही योजना का लाभ लेने दर-दर भटक रहे। स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी से लेकर सीएम हेल्प लाइन तक शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने पर बसोड़ा जनपद के हितग्रहियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर बिछुआ ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में लिखित शिकायत देकर निराकरण की मांग की है। बिछुआ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री श्री अशोक सोनेकर के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने लिखित शिकायत में उल्लेख किया कि आवास योजना से जो राशि का भुगतान होता है उसमें शासन द्वारा जॉब कार्ड का नवीनीकरण आज दिनांक तक नहीं किया गया है। विगत 6 माह से बिछुआ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली बड़ोसा जनपद पंचायत के 29 लोगों के जॉब कार्ड का नवीनीकरण नहीं हुआ है जिसके चलते उन्हें आवास निर्माण की शेष राशि प्राप्त नहीं हो रही। जबकि हितग्राहियों के द्वारा निर्माण में लगने वाली सम्पूर्ण सामग्री की खरीदी कर ली गई जिसका भुगतान नहीं होने के कारण अब व्यवसायी भी उन्हें परेशान करने लगे हैं। बड़ोसा जनपद पंचायत के पात्र हितग्राही प्रकाश सरेयाम, तिलक वाहने, अशोक सोनेकर, दुर्गा खण्डाईत, माया मारबोते, शीला मारबोते, अनुसुईया ढोके, जगन्नाथ डोंगरे, उर्मिला धुन्डे रामकृष्ण पेजे, राजू पेजे व उर्मिला मड़के सहित अन्य ने कहा कि विगत 6 माह में जनपद सीईओ व सीएम हेल्प लाइन को भी अनेकों बार शिकायत की, किन्तु जॉब कार्ड का नवीनीकरण नहीं हुआ। उन्होंने कलेक्ट्रेट में शिकायत प्रस्तुत कर अविलम्ब जॉब कार्ड के नवीनीकरण के लिए गुहार लगाई है।

## एक्का और पटेल बने रहेंगे अनुविभागीय अधिकारी

**पांढुर्ना।** कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने आज अधिनस्थ अधिकारियों के बीज कार्य विभाजन के आदेश जारी किए। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्व, दांडिक एवं विधिक प्रभार अपने पास रखा है। अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री को शाखा प्रभार और कलेक्टर द्वारा प्रत्यायोजित अधिकार सौंपा है। संयुक्त कलेक्टर मेघा शर्मा को उपजिला निर्वाचन अधिकारी, खनिज, उद्यानिकी, रिकॉर्ड रूम, जनगणणा, कृषि एवं सहकारिता विभाग सौंपे गए। संयुक्त कलेक्टर नेहा शर्मा को नजूल, भू-अभिलेख, स्वामित्व, लोकायुक्त एवं स्वामित्व अधिकार सौंपा है। सिद्धार्थ पटेल सौंसर अनुविभाग अधिकारी तथा अलका एक्का पांढुर्ना अनुभागीय अधिकारी बने रहेंगे। कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहात्री, अनुविभागीय अधिकारी अलका एक्का एवं सिद्धार्थ पटेल को समय-समय पर जिले के ग्रामों मे रात्रि में डेरा डालकर जनता से मुलाकात कर शालाओं समस्याओं के मौके पर समाधान तथा शालाओं एवं मध्यान्ह भोजन के निरीक्षण के निर्देश जारी किए है।

## शासकीय विधि महाविद्यालय में भाषण एवं परिचर्चा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**छिंदवाड़ा।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह 2025 के तीसरे दिन सुशांत हुद्दार साहब प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा के निर्देशन में शासकीय विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा में भाषण एवं परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बालश्रम कानून, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम एवं सड़क सुरक्षा आदि विषयों पर अपने वक्तव्य प्रस्तुत किये। इस कार्यक्रम में श्री राकेश सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा ने उपस्थित विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट का गहन विश्लेषण कर जानकारी दी साथ ही सड़क सुरक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, बढ़ते हुए सायबर अपराधों के विषय में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में विधि महाविद्यालय के विद्यार्थी कु.अमृता सनोडिया, रागिनी पुरी, दिव्या भावरकर, पार्थ पटेरिया, मोहित डेहरिया एवं बोधिसत्व गजभिए ने परिचर्चा में भाग लिया। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री विजय कुमार खोब्रागड़े, महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.कमलाकर मोटघरे, सहायक प्राध्यापक डॉ.स्नेहा कुमारी, सहायक प्राध्यापक डॉ.दमयन्ती कटरे, सहायक प्राध्यापक श्री राकेश कुमार कोष्टी एवं सहायक प्राध्यापक श्री कमलेश कुमार चरपे तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य श्री श्यामरावत तथा महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एक महीने से बंद पड़ा है बग्गू बिछुआ में बिजली ट्रांसफार्मर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

बग्गू बिछुआ क्षेत्र के किसानों ने मंगलवार को तहसील कार्यालय में पहुंचकर बग्गू बिछुआ में थ्री फेस ट्रांसफार्मर विगत एक महीने से बंद होने की शिकायत करते हुए बिजली की व्यवस्था बनाने की है। सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल को सोपे ज्ञापन में ग्राम बग्गू बिछुआ सरपंच प्रमोद पातुरकर नहीं बताया कि ग्राम बग्गू बिछुआ में थ्री फेस का ट्रांसफार्मर लंबे समय से खराब हुआ है, जिसको सुधारने के लिएजिसको सुधारने के लिए पूर्व में कई बार विभाग को सूचित किया गया है, बावजूद इसके ट्रांसफार्मर की व्यवस्था नहीं की जा रही है। ट्रांसफार्मर खराब होने के चलते विगत एक माह से किसानों की बिजली व्यवस्था ठप पड़ी है जिसके चलते किसान बहुत परेशान है,बिजली नही होने से सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में किसानो को पानी नही मिल रहा है।किसानों के द्वारा जल्द से जल्द ट्रांसफर पर लगाने की मांग प्रशासन से है।

## कलेक्टर ने बिरसा मुंडा रथ को दिखाई हरी झंडी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती अवसर पर आज जनपद पंचायत पांढुर्ना में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ द्वारा बिरसा मुंडा रथ को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जनपद सीईओ बंदू सूर्यवंशी ने बताया कि यह रथ यात्रा जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में भगवान बिरसा मुंडा के विचारों और योगदान को जनजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आरंभ की गई है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री, जनपद सीईओ बंदू सूर्यवंशी तथा चंद्रशेखर ढोने के अलावा जनपद कार्यालय का स्टाफ मौजूद रहा। इ स के अलावा कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देश पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंबाडा में जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर सिकल सेल एवं एनीमिया जांच शिविर लगाया गया जिसमें काफी मरीजों को राहत मिली। मरीज में डॉ. एच मलारिया एवं डॉ. मृदुल वासनिक द्वारा मरीजों की जांच की गई। कलेक्टर महोदय के निर्देश पर जनजाति गौरव दिवस के तहत भगवान बिरसा मुंडा जयंती पखवाडे के तहत जिले के विभिन्न छात्रावासों में खेल प्रतियोगिताएं संपन्न हुई।

## अतिथि शिक्षकों से सौंसर बीईओ कार्यालय कर रहा है भेदभाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

सोमवार को आजाद अतिथि शिक्षक संघ सौसर की ओर से अतिथि शिक्षकों के द्वारा लंबित मानदेय को लेकर सौसर प्रशासन को ज्ञापन सोपते हुए जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की,आजाद अतिथि शिक्षक संघ के पदाधिकारी ने बताया कि सौंसर ब्लॉक के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को पिछले 4 चार माह से मानदेय भुगतान नहीं किया गया। जबकि अतिथि शिक्षक मानदेय भुगतान हेतु डीपीआई द्वारा जुलाई, अगस्त, सितंबर, अक्टूबर माह का आबंटन महीनों पूर्व ही दिया गया है। किंतु सौसर बीईओ कार्यालय से मानदेय भुगतान संबंधी कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया है। जिस कारण ब्लॉक के अतिथि शिक्षक पिछले चार माह से आर्थिक समस्या से प्रताड़ित है। मानदेय भुगतान संबंधी समस्या के लिए अतिथि शिक्षको द्वारा बीईओ कार्यालय में संबंधित अधिकारियों को गत दिनांक 3 नंवबर को आवेदन निवेदन किया गया फिर भी आज तक मानदेय अप्रात है कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह उक्त समस्या हर शैक्षणिक सत्र में बनी रहती है। हमें समय पर मानदेय भुगतान नहीं किया जाता। अध्यापन जबकि अतिथि शिक्षक उपस्थिति शत प्रतिशत लगा रहे है। और सरकारी विद्यालयों में अपना कार्य पूर्ण निष्ठा के साथ कर रहे है। बीईओ कार्यालय में बैठे हुए अधिकारियों द्वारा अतिथि शिक्षकों के साथ में भेदभाव किया जा रहा है,इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र पिंपलकर, राजेश बागडे अंकुश तूपकर बृजेश उईके, हर्षित लोणारे, प्रदीप यमदे, श्याम डोंगरेनिलेश पिंपलकर, ममता धकाते, निर्मला भक्ते, माधुरी शांडिल्य, मनीषा भांगे पुष्पा ठाकरे

## पिपलानारायणवार में वीर बिरसा मुंडा की जन्म जयंती मनाई

**पिपला।** बिरसा मुंडा जी के जन्म जयंती के 150 वर्ष पर पीपला नारायणवार नगर पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा की छायाचित्र पर पूजन माल्यार्पण के साथ किया गया, इस दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती आरती लामसे के द्वारा भगवान बिरसा के द्वारा किए गए कार्य से उपस्थितों को अवगत कराते हुए शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं आदि के संबंध में जानकारी दी इस दौरान भाजपा नेता प्रतिपक्ष राजेश छेड़के सीएमओ डा पी.डी साहू, के अलावा भाजपा पार्षद एवं नगर परिषद सौसर के अधिकारी कर्मचारी के साथ ही गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## भाजपा प्रदेश महामंत्री कोठारी से भाजपा जिला अध्यक्ष ने की भेंट



**सौंसर।** प्रदेश भाजपा कार्यालय में मंगलवार को पांढुर्णा भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड ने भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी से शिष्टाचार भेंटकर नवीन दायित्व की शुभकामनाएं प्रेषित की है।शिष्टाचार भेंट के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोहड़ के द्वारा नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री श्री कोठारी को पांढुर्णा जिले मैं चल रही संगठन की गतिविधियों एवं सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार आदि के संबंध में जानकारी दीइस दौरान मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता श्री अजय धवले उपस्थित थे।

## जाम में छत्तीसगढ़िया बापू का आयोजन आज

**लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से लगभग 14 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत जाम के वार्ड नंबर 11 में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष मंडई के पावन अवसर पर एक दिवसीय मंडई का आयोजन किया जा रहा है। सार्वजनिक मंडई समिति वार्ड नंबर 11 के तत्वावधान में आयोजित यह उत्सव को दिन-रात की मंडई के रूप में विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा। समिति के पदाधिकारियों ने जानकारी देते बताया कि मंडई के अवसर पर ग्रामीणजनों के मनोरंजन हेतु रात्रि 9 बजे से एक भव्य छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध के द्वारा मनमोहक छत्तीसगढ़ी गीतों की धुन में शानदार प्रस्तुति दी जाएगी, जो देर रात तक चलेगी। सार्वजनिक मंडई समिति जाम के पदाधिकारियों एवं समस्त ग्रामवासियों ने इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम का लाभ लेने तथा उत्सव को सफल बनाने की अपील की है। यह आयोजन निश्चित रूप से क्षेत्रवासियों के लिए मनोरंजन और उत्साह का एक बड़ा केंद्र होगा।

## विद्वान न्यायाधीश ने आरोपों को किया खारिज

# अवैध वसूली व ब्लैक मेलिंग के आरोप से पत्रकार मुक्त

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** पुलिस थाना वारासिवनी के अंतर्गत ग्राम सरण्डी में स्थित रमणीक पावर एण्ड एलाइड प्रोडक्ट के मालिक हर्ष त्रिवेदी एवं अन्य द्वारा वारासिवनी निवासी पत्रकार आनंद ताम्रकार एवं सुधीर ताम्रकार पर ब्लैक मेलिंग और अवैध वसूली के गंभीर आरोपों को वारासिवनी व्यवहार न्यायालय की न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री नेहा बाथरी द्वारा विश्वसनीय साक्ष्यों के अभाव में खारिज कर दिया है।

जानकारी अनुसार ग्राम सरंडी में स्थित रमणीक पावर एंड एलाइड प्रोडक्ट के मालिक हर्ष त्रिवेदी एवं अन्य द्वारा पत्रकारद्वय आनंद ताम्रकार व उनके पुत्र सुधीर ताम्रकार पर अवैध वसूली और ब्लैक मेलिग का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस थाना वारासिवनी में शिकायत की गई थी। जिस पर वारासिवनी पुलिस द्वारा आइपीसी की धारा 384 के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। वर्ष 2017 से माननीय न्यायालय में लंबित प्रकरण में वारासिवनी के न्यायायिक मजिस्ट्रट प्रथम श्रेणी सुश्री नेहा बाथरी ने 8 नवबर 2025 को पारित निर्णय में स्पष्ट कहा है कि मामले में कोई विश्वसनीय साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया जा सका, अतएव दोनों अभियुक्तों को पूर्णतः दोषमुक्त किया जाता है।

इस प्रकरण में की गई विवेचना के आधार पर माननीय न्यायाधीश ने स्पष्ट उल्लेख किया हैं कि अभियोजन अभियुक्तगण के विरूद्ध युक्तियुक्त संदेह से परे यह प्रमाणित करने में असफल रहे है कि दिनांक 01 फरवरी 2017 को थाना वारासिवनी अंतर्गत ग्राम संरण्डी स्थित फरियादी हर्ष त्रिवेदी की विद्युत उत्पादन संबंधी उद्योग रमणीक पावर एण्ड एलाइज में अन्य सहअभियुक्त के साथ मिलकर बदनाम करने का भय उत्पन्न करने का सामान्य आशय निर्मित किया गया और जिसके अग्रसरण में हर्ष त्रिवेदी से अवैधानिक रूप से एक लाख रूपये उद्दापन करने के आशय से उक्त फैक्टी द्वारा वन संपदा को नुकसान करने का लेख समाचार पत्र में छपवाकर फरियादी को बदनाम करने का भय उत्पन्न किया गया।

माननीय न्यायाधीश महोदया ने आर एस नायक बनाम ए आर अंतुले 1986(2) एससीसी 716 का उल्लेख करते हुये प्रतिपादित न्याय दृष्टांत के आलोक में यह स्पष्ट है की उद्यापन कारित करने के लिये यह आवश्यक नहीं है कि उद्यापित किये जाने के उपरांत संपत्ति का हस्तांतरण हुआ हो। प्रस्तुत प्रकरण में एक लाख रूपये की राशि अभियुक्तगण को नहीं दी गई, परंतु अभियोजन साक्षी यह साबित करने में असफल रहे हैं कि अभियुक्तगण द्वारा एक लाख रूपये की मांग कर उन्हें उद्यापित किया गया।

अतः अभियुक्त आनंद पिता स्वर्गीय ठाकुर प्रसाद ताम्रकार आयु 75 वर्ष, सुधीर पिता आनंद ताम्रकार आयु 42 वर्ष सभी निवासी वार्ड नंबर 12 वारासिवनी जिला बालाघाट को धारा 384 सहपठित धारा 34 भादंसं के अपराध में दोषमुक्त किया जाता है। अभियुक्तों की ओर संतोष चौहान अधिवक्ता द्वारा पैरवी की गई। इस निर्णय से ना केवल दो व्यक्तियों व पत्रकारों के लिये राहत हैं, बल्कि स्वत्रंत पत्रकारिता के सिंद्धातों की भी महत्वपूर्ण जीत मानी जा रही है।

## भारत तिब्बत समन्वय संघ का हुआ विस्तार

## प्रदीप प्रांत मंत्री व संजय प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत





**हरिभूम न्यूज वारासिवनी।** देश की सीमा पर स्थित तिब्बत व कैलाश मानसरोवर को चीन के अवैध कब्जे से मुक्त करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चतुर्थ सरसंघचालक प्रोफेसर राजेन्द्र सिंह द्वारा द्वारा गठित भारत तिब्बत समन्वय संघ में पदाधिकारियों की नियुक्ति का क्रम जारी है। भारत तिब्बत समन्वय संघ के महाकौशल प्रांत अध्यक्ष डॉ. नीरज अरोरा ने बताया कि भारत तिब्बत समन्वय संघ की राष्ट्रीय नियुक्ति संघ द्वारा महाकौशल प्रांत के लिए प्रदीप श्रीवास्तव को प्रांत मंत्री एवं संजय अग्रवाल को प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति पर महाकौशल प्रांत अध्यक्ष डॉ. नीरज अरोरा, महासचिव पंडित दीपेश उपाध्याय जबलपुर, लोक चंद ठाकरे, राकेश सोनी, मधु अग्रवाल, प्रहलाद सोनी, राकेश जुझार, जयदीप जोशी, रितेश जैन, प्रदीप जैन, अनिल रुसिया, राजेन्द्र अरोरा, पराग तिवारी, भेजेन्द्र चौधरी, शरद आड़े सहित अन्य लोगों ने दोनों को बधाई देते हुए तिब्बत व कैलाश मानसरोवर की मुक्ति के लिए लगातार प्रयास करने की अपील की है।

## आंगनबाड़ी केंद्र पानीटोला में महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती दीपमाला सोलंकी के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर–2 बैहर के माध्यम से 10 नवम्बर को आंगनवाड़ी केंद्र पानीटोला, उकवा (ब्लॉक परसवाड़ा) एवं वार्ड नं. 14 कमलनगर बैहर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन (DHEW), महिला हेल्पलाइन 181 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से संबंधित जानकारी दी गई। उपस्थित महिलाओं एवं ग्रामीण जनों को स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता, साइबर अपराध की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया।

## आबकारी विभाग में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन सम्पन्न





**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष प्रणेश कुमार प्राण एवं न्यायाधीश/सचिव सतीश शर्मा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट के कुशल मार्गदर्शन में एवं तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी के तत्वावधान में 11 नवम्बर 2025 को न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत न्याय की पहुंच हर अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन आबकारी विभाग वारासिवनी में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी वारासिवनी श्रीमती दिव्या सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस जागरूकता शिविर में ज़िले के लगभग स म स्त आबकारी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उपस्थित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आबकारी संबंधी नियमों से संबंधित जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त उपस्थित जन को बताया गया कि विधिक सेवाओं में समाज के उन कमज़ोर वर्गों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना शामिल है, जो कि विधिक सेवा प्राधिकरण 1987 की धारा-12 के दायरे में आते हैं। इसमें कानूनी जागरूकता शिविरों के माध्यम से कानूनी साक्षरता फैलाकर कानूनी जागरूकता एवं लंबित या अभी तक दायर नहीं किए गए विवादों को सौहार्दपूर्ण समाधान करने के लिये लोक अदालतों का आयोजन करना भी शामिल है।

## राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त जिला पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ डिप्टी कलेक्टर कैसे कर सकते हैं जांचः किशोर समरीते

# भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे जिला पंचायत अध्यक्ष, जांच अधिकारी को निलंबित करने की मांग







**हरिभूमि न्यूज लांजी।** संयुक्त राष्ट्र क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लांजी किरनापुर क्षेत्र के पूर्व विधायक किशोर समरीते ने म.प्र. शासन के नियमों के विरूद्ध म.प्र. शासन के राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त जिला पंचायत अध्यक्ष बालाघाट सम्राट सिंह सरस्वार के विरूद्ध जांच का आदेश देने वाले बालाघाट के डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कुमार कौरव को निलंबित करने की मांग मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन भोपाल को पत्र लिखकर की है। उन्होने कहा नियमानुसार म.प्र. शासन के सामान्य प्रशासन विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने जिला पंचायत अध्यक्ष की शिकायत करने एवं पद से बर्खास्त करने का अधिकार संभागायुक्त को होता है। बालाघाट जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार द्वारा बालाघाट जिले की तहसील किरनापुर के ग्राम अकोला में स्टोन केशर आदिवासियों की जमीन पर अवैध कब्जा कर चलाया जा रहा है। इस मामले की जांच में जिला पंचायत अध्यक्ष को पद से पृथक किया जा सकता है। किंतु इस मामले में राज्य शासन के दिशा निर्देशों के विपरीत जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार को बचाते हुये डिप्टी कलेक्टर बालाघाट प्रदीप कौरव से जांच करवायी जा रही है। यह मामला पद एवं अधिकारों के दुरूपयोग का है। इस मामले में जिला पंचायत के सीईओ तथा प्रदीप कौरव जांच अधिकारी को निलंबित करने का कष्ट करें।

**क्या था मामलाः** इस मामले में संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर समरीते ने जिला पंचायत बालाघाट के अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार पर पद एवं अधिकारों के दुरूपयोग का आरोप लगाते हुए एक आवेदन पत्र आयुक्त, जबलपुर संभाग को भेजा था जिसमें उन्होंने सरस्वार को पद से बर्खास्त करने और उनके कब्जे से तहसील किरनापुर ग्राम अकोला के आदिवासियों की भूमि को मुक्त कराने की मांग की है। आयुक्त, जबलपुर संभाग ने इस आवेदन पत्र को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बालाघाट और अनुविभागीय अधिकारी (रा.) किरनापुर को आवश्यक कार्यवाही के लिए भेजा है। अपने पत्र में श्री समरीते ने आरोप लगाया है कि सरस्वार ने अपने पद का दुरूपयोग कर आदिवासियों की भूमि पर कब्जा किया है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई जनहित में आवश्यक है।

**अकोला में नियम विरूद्ध चल रहा स्टोन क्रेशरः** इस संबंध में जानकारी से अवगत कराते हूए श्री समरीते ने कहा की जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरस्वार अपने पद का दुरूपयोग करते हुए शासन प्रशासन के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे है। उन्होने कहा की जिला पंचायत अध्यक्ष के अकोला ग्राम स्थित स्टोन क्रेशर में स्वीकृति से अधिक खनन किया जा रहा है और समय के विपरीत जाकर ब्लास्टिंग की जाती है जिससे आसपास के ग्रामों में हमेशा भय की स्थिति बनी रहती है। उन्होने कहा की उक्त स्टोन क्रेशर में गिट्टी के परिवहन के कार्य में रॉयल्टी की भी चोरी की जा रही है परंतु प्रशासनिक दबाव के कारण इन वाहनों पर कोई कार्यवाही नहीं हो पा रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा जिस तरह से पूरे जिले में अपना भ्रष्टाचार का साम्राज्य फैलाया जा रहा है उसमें प्रशासन भी उनका कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग कर रहा है। क्रेशर पर गिट्टी बनाने के लिए खदान पर ब्लास्टिंग की जाती है। जिससे पत्थर हवा में उड़ते हुए आसपास के खेतों में जाकर गिरते हैं। ब्लास्टिंग की धूल व पत्थरों से क्रेशर मशीन के आसपास की कृषि भूमि भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि रोजाना ब्लास्टिंग होती है जिसके पत्थर खेत में गिरते हैं। इसकी शिकायत भी की लेकिन कहीं कोई कार्रवाई नहीं होती।

## खबर संक्षेप



### अमर टाकीज के पास धूमधाम से मनाई जाएगी काल भैरव जयंती आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शहर के बीचो-बीच स्थित श्री काल भैरव मंदिर अमर टॉकीज के सामने 12 नवंबर दिन बुधवार को बड़े ही धूमधाम से श्री काल भैरव अष्टमी मनाई जाएगी। श्री काल भैरव मंदिर के अध्यक्ष कैलाश शर्मा ने बताया कि सुबह 9 बजे पूजन, अभिषेक, हवन, आरती इत्यादि धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। तत्पश्चात शाम 7 बजे से भंडारा प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### बरघाट में बीएलबीसी बैठक का आयोजन

**सिवनी /** बरघाट विकासखण्ड में बीएलबीसी (ब्लॉक लेवल बैंकर्स कमेटी) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लीड बैंक अधिकारी प्रवीण कुमार दिसोरिया, एनआरएलएम से प्रबंधक राजेन्द्र शुक्ला, जनजातीय कार्य विभाग के यू.एस. चौधरी सहित सभी बैंकों के प्रबंधक उपस्थित रहे।

# 40 एकड में मक्का की फसल आग से जलकर राख



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राजस्व मंडल भोमा के अंतर्गत आने वाले पटवारी हल्का नंबर 49के ग्राम पंचायत बगल ई निवासी किसान मनोज साहू, संतोष साहू एवं देवीप्रसाद साहू के लगभग 40 एकड में मक्का की फसल बोई गई थी जिसकी मज़दूरों से तुडाई करके मैना पिपरिया रोड के समीप अपने ही खेत में रखा गया था,जो कि अज्ञात कारणों से लगी आग से जलकर खाक हो गया है।

किसान ने बताया कि लगभग दो बजे के करीब ढेर में आग लगने की खबर मिली,हम खेत पहुंचे,आग लगने की सूचना दमकल विभाग के नंबर पर दी परन्तु फायर ब्रिगेड नहीं होने की बात कही गई, किसान ने बताया कि फायर ब्रिगेड उंगली ग ई हैं कहा गया, हमारे साधन से ही हमने लोगों की सहायता से आग बुझाई तब तक 40 एकड का लगभग सात ढेर जल गया,उसी के नजदीक 64 एकड का मक्का का ढेर ओर था जिसे बचा लिया गया। आज पटवारी घटना स्थल पहुंचे एवं पंचनामा की कार्यवाही की गई, पुलिस चौकी पलारी में सूचना दी गई। उक्त जानकारी किसानों के द्वारा दी गई।

### किसानों की ज्वलंत समस्याओ लेकर कांग्रेस आज मुख्यमंत्री को सौपेगी ज्ञापन

सिवनी 10 नवम्बर। सिवनी जिले के किसानों की ज्वलंत समस्याएँ, स्थानीय मुद्दे एवं अन्य मांगो को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के 12 नवम्बर 2025 को सिवनी आगमन पर ज्ञापन सौंपा जायेगा।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने जिला कांग्रेस, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि, समस्त ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, मंडलम कांग्रेस, सेक्टर कांग्रेस, जिला युवा कांग्रेस, जिला महिला कांग्रेस, जिला कांग्रेस सेवादल, जिला एन एस यु आई अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण सहित कांग्रेस पक्ष के निर्वाचित जिला, जनपद पंचायत, नगरपालिका, नगरपरिषद के पदाधिकारी, सदस्य गणो से उपस्थिति की अपील की है।

# भीषण सड़क हादसे में एक की मौत

### सिवनी जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र में देर रात एक भीषण सडक़ हादसा हुआ, जिसमें एक ट्रक चालक की मौत हो गई और उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया।

यह घटना सेड नदी के समीप हुई, जहां तेज रफ्तार ट्रक ने खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। ट्रक चालक को वाहन काटकर बाहर निकाला गया।

#### उत्तर प्रदेश से मुंबई जा रहा था ट्रक

जानकारी के अनुसार, यह ट्रक उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से दवा लेकर मुंबई जा रहा था। हादसे के समय ट्रक सेड नदी के पुल पर खड़े ट्रक में पीछे से जा भिड़ा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक चालक मौके पर ही मौत हो गई। लखनादौन थाना प्रभारी कीरत सिंह धुर्वे ने बताया कि मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर निवासी देवनानाथ साहनी (32) के रूप में हुई है। इस हादसे में उनका चचेरा भाई हीरालाल साहनी गंभीर रूप से घायल हुआ, जिसे सिविल अस्पताल लखनादौन में भर्ती कराया गया है।

#### ट्रक काटकर बाहर निकाला शव

प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एनएचएआई की मदद से ट्रक में फंसे मृतक के शव को बाहर निकाला और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।थाना प्रभारी ने वाहन चालकों से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लापरवाही के कारण ऐसे हादसे हो रहे हैं और सभी से सुरक्षित ड्राइविंग करने की सलाह दी है।

#### तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को मारी टक्कर एक घायल



सिवनी जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में भिलमा टोला गांव के पास सोमवार सुबह करीब 11 बजे तेज रफ्तार डंपर ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, बाइक सवार युवक नए गांव से गोरखपुर गांव की ओर जा रहा था। भिलमा टोला गांव के पास पहुंचने पर एक डंपर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक सवार सडक़ पर गिर गया, जिससे उसके हाथ, पैर, सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं।

प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस और 108 एम्बुलेंस को घटना की सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर पहुंचाया गया। वहां डॉक्टर्स ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।सूचना मिलते ही घंसौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि उन्हें सडक़ दुर्घटना में एक युवक के घायल होने की सूचना मिली थी। पुलिस फरार वाहन और उसके चालक की तलाश कर रही है।

# कुरई घाटी में हादसा, चालक घायल



### पुलिस ने राहगीरों की मदद से बचाया, यातायात हुआ बहाल

**सिवनी/कुरई :** जबलपुर से नागपुर की ओर जा रहा ट्रक (क्रमांक AP 24 TB 9149) मगलवार सुबह करीब 10 बजे कुरई घाटी में अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक में मैदा भरा हुआ था। हादसे के कारण कुछ समय के लिए नेशनल हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई।

सूचना मिलते ही कुरई थाना प्रभारी कृपाल शाह तेकाम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने राहगीरों की मदद से ट्रक में फंसे चालक को सुरक्षित बाहर निकालकर उपचार हेतु कुरई अस्पताल भेजवाया। बाद में पुलिस द्वारा मशीन की सहायता से ट्रक को किनारे कराया गया, जिससे यातायात पुनः सुचारू रूप से चालू हो गया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## अभाविप सिवनी जिले का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग सम्पन्न

# कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण हेतु हर वर्ष आयोजित होते हैं प्रशिक्षण शिविर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) सिवनी जिले का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग सम्पन्न हुआ। वर्ग का विधिवत शुभारंभ स्वामी विवेकानंद एवं माता सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया।

उद्घाटन सत्र में महाकोशल प्रांत मंत्री माखन शर्मा ने कहा कि नवाचार की जननी अभाविप है। यह अभ्यास वर्ग कार्यकर्ताओं के निरंतर आत्मविकास और संगठनात्मक दक्षता की सतत प्रक्रिया है। अभाविप ने समाज में छात्र संगठनों की सार्थक भूमिका को सिद्ध किया है। उन्होंने कहा कि परिषद ज्ञान-शील-एकता के मंत्र को लेकर समाजहित में कार्य करती है।

विभाग संगठन मंत्री गौरव शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन होने का गौरव अभाविप को




प्राप्त है, इसलिए हम सबकी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। हमें राज नहीं, समाज बदलना है और समाज परिवर्तन से पहले स्वयं में परिवर्तन लाना आवश्यक है। व्यक्ति से व्यक्तित्व निर्माण, व्यक्तित्व से समाज परिवर्तन और समाज परिवर्तन से ही राष्ट्र का पुनर्निर्माण संभव है। उन्होंने संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर चल रहे पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वा का भाव, नागरिक कर्तव्य एवं पर्यावरण पर विस्तार से चर्चा की तथा कार्यकर्ताओं से इन्हें आचरण में उतारने का आग्रह किया।

वर्ग में 11 इकाइयों से कुल 82 कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। विभिन्न सत्रों में सैद्धांतिक भूमिका, कार्यपद्धति, आचार पद्धति, परिसर कार्य सहित कई विषयों पर चर्चा हुई। विभाग संयोजक हर्ष अग्रवाल ने कहा कि परिषद के प्रत्येक कार्यक्रम में आचार पद्धति का पालन अनिवार्य है। वहीं जिला संयोजक सृजल मिश्रा ने कहा कि अभाविप की चार प्रमुख गतिविधियों के माध्यम से अधिक से अधिक विद्यार्थियों को जोडक़र समाज और परिसर में सकारात्मक परिवर्तन लाना हमारा लक्ष्य है। वर्ग में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य, भाग संयोजक, नगर मंत्री, सह मंत्री, महाविद्यालय अध्यक्ष सहित सभी 11 इकाइयों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जन परिषद ने सिवनी में बढ़ाया अपना दायरा, पृथ्वीराज जगने बने जिला अध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था जन परिषद ने सिवनी जिले में अपना दायरा बढ़ाते हुए दैनिक पृथ्वी टाइम्स के संपादक पृथ्वीराज जगने को सिवनी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। नगर के समृद्धि लान में आयोजित भव्य समारोह में यह घोषणा की गई, जहां संस्था के राष्ट्रीय संयोजक रामजी श्रीवास्तव, मिसेज यूनिवर्स (फर्स्ट रनरअप) एवं मिसेज इंडिया दिव्या चौधरी, प्रांतीय संयोजक डॉ. सुनील अग्रवाल तथा जिले के वरिष्ठ पत्रकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान पृथ्वीराज जगने के समाजसेवा और जनजागरण के क्षेत्र में योगदान की सराहना की गई तथा उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर



जन परिषद के संयोजक रामजी श्रीवास्तव ने कहा कि संस्था का मूल उद्देश्य समाज से बुराइयों का उन्मूलन कर नैतिकता, राष्ट्रभावना और सामाजिक चेतना को सशक्त बनाना है। अपने उद्बोधन में श्री रामजी श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 1992 से जन परिषद ने सामाजिक उत्तरदायित्वों में मानवीय मूल्य और नैतिक दृष्टिकोण को जोड़ा है। बीते तीन दशकों में संस्था ने 448 से अधिक विशिष्ट व्यक्तित्वों को उनके सामाजिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक योगदान के लिए सम्मानित किया है। संस्था द्वारा स्वास्थ्य शिविर, जनजातीय क्षेत्रों में महिला-बाल चिकित्सा सेवा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन जैसे अनगिनत कार्य किए गए हैं। कार्यक्रम में इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ पीपल की घोषणा की गई, जो विश्व स्तर पर मित्रता, नेतृत्व, विकास और बंधुत्व के आदर्शों को स्थापित करेगी। श्री श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि संस्था पूर्णतः गैर-राजनीतिक और धर्मनिरपेक्ष है, और समाज में नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना ही इसका प्रमुख लक्ष्य है। इस अवसर पर संस्था के गौरवशाली इतिहास का स्मरण करते हुए बताया गया कि वर्षों से जन परिषद के मंच को देश के शीर्ष न्यायाधीशों, राज्यपालों, मंत्रियों, वरिष्ठ पत्रकारों, कवियों और कलाकारों की उपस्थिति से गौरव प्राप्त होता रहा है। इनमें स्व. पी. के. तारे, डी. पी. खन्ना, बचेंद्री पाल, डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी, कैलाश जोशी, राजेश बादल, ऋषि शुक्ला, फिल्म निर्देशक रूमी जाफरी और कवि प्रदीप चौबे जैसे नाम शामिल हैं। सिवनी जिला इकाई के गठन के साथ जन परिषद ने जिले में सामाजिक समरसता, नैतिक पुनर्जागरण और युवा नेतृत्व को प्रोत्साहित करने का नया अध्याय शुरू किया है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष पृथ्वीराज जगने ने कहा — यह जिम्मेदारी मेरे लिए सम्मान के साथ एक चुनौती भी है। जन परिषद के सिद्धांतों और मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य रहेगा। कार्यक्रम में रामजी श्रीवास्तव, दिव्या चौधरी, डॉ. सुनील अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, पृथ्वी टाइम्स की टीम तथा विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अंत में सभी पदाधिकारियों ने संगठन विस्तार और समाजसेवा की शपथ ली।

### खाद्य कारोबारकर्ताओं को फास्टर ट्रेनिंग के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया

**सिवनी /** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग सिवनी द्वारा खाद्यकारोबार कर्ताओं को प्रशिक्षित करने हेतु फोस्टेक ट्रेनिंग का आयोजन किया गया है दिनांक 8 नवंबर 25 को लखनादौन में दिनांक 9 नवंबर 25 को घंसौर में दिनांक 10 नवंबर 25 को सिवनी तहसील में फोस्टेक ट्रेनिंग का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न खाद्य कारोबारी होटल रेस्टोरेंट विक्रेता फुटकर किराना सामग्री विक्रेता छोटे निर्माता को खाद्य सामग्रियों के रखरखाव एवं विक्रय के साथ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं विनियम 2011 के प्रावधानों से अवगत कराया गया खाद्य कारोबार कर्ताओं को स्वच्छ वातावरण में गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री निर्माण एवं भंडारण करने हेतु ट्रेनिंग दिया जा रहे हैं।

# पंडित अभिषेक पाण्डेय बने प्रदेश सचिव, युवाओं में उत्साह

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** हाल ही में हुए युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव जो कि संपूर्ण प्रदेश में हुए थे,उसके परिणाम अब आ चुके हैं जिसमें पंडित अभिषेक पाण्डेय को प्रदेश नेतृत्व की जिम्मेदारी दी गई है। युवाओं का कहना है कि हमारे प्रेरणास्त्रोत ऊर्जावान नेता अभिषेक पाण्डेय जो कि विगत 12 वर्षों से हस्ढ्ढ और युवा कांग्रेस की कई जिम्मेदारियों का निर्वाहन कर चुके हैं उनके प्रदेश सचिव निर्वाचित होने पर अत्यंत खुशी और संगठन को एक नवीन दिशा प्राप्त होगी।



इसके अतिरिक्त विधानसभा चुनाव में भी पंडित अभिषेक पाण्डेय की उपस्थिति बहुत महत्वपूर्ण रही और उनके कार्यशैली,भाषाशैली व कार्य के प्रति समर्पण से अत्यधिक युवाओं ने इनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। इनका चेहरा सिवनी नगर में ही नहीं बल्कि ग्रामीण अंचल में भी इनके समर्थकों का ताता लगा रहता है।इनके प्रदेश सचिव के पद पर निर्वाचित होने के बाद सभी युवाओं व बुजुर्गों के हर्ष का माहौल है और सभी ने शुभकामनाएं बधाईयां प्रेषित की,सबका मानना है कि पंडित अभिषेक पाण्डेय को प्रदेश नेतृत्व की जिम्मेदारी मिलने से संगठन को नवीन ऊर्जा व संगठन की कार्यशैली को आमजन तक पहुंचाने का अभियान और व्यापक रूप लेगा।

### मानस राय, मूसा खान राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु चयनित



**सिवनी।** नगर के उदयीमान क्रिकेटर मानस राय और मूसा साजिद खान का चयन जबलपुर संभागीय टीम में किया गया है।

उक्त जानकारी देते हुए क्रिकेट कोच आशीष दीक्षित ने बताया कि गत दिवस जबलपुर में आयोजित संभागीय (यू-14) क्रिकेट प्रतियोगितामें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मूसा साजिद खान और मानस राय का चयन 13 नवंबर से 17 नवंबर तक जिला छतरपुर में आयोजित राज्य स्तरीय (यू-14)क्रिकेट प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। दोनों खिलाड़ी उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने कल छतरपुर रवाना होंगे। खिलाडिय़ों का चयन होने पर जिला शिक्षा अधिकारी एस एस कुमरे, क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती जस्सी थॉमस, अनुराग तिवारी, शैलेंद्र साहू, मनीषमिश्रा, संदीप मिश्रा, कैलाश साहू, प्रेम श्रीवास्तव, सुनील मर्सकोले ने बधाई प्रेषित की है।

# अनियमिताएं पाई गई जिनकी निष्पक्ष जांच हो

## शासकीय हाई स्कूल कुड़वा के प्रभारी प्राचार्य अजय गौतम

2 सितंबर 2025 से 10 सितंबर 2025 तक राकेश सनोदिया जिला पचायत उपाध्यक्ष के द्वारा पंचायत क्षेत्र के कुछ विद्यालयों का भ्रमण किया गया जिसमें कुड़वा हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य की अत्यधिक शिकायत मिली, वित्तीय अनियमितता से लेकर अन्य शिकायतें 12.09.25 को सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सिवनी,

विकासखंड अधिकारी कुरई को लिखित किया, उसके बाद फिर 26.09.25 को कार्यवाही की मांग की। लेकिन इतनी गड़बड़ी होने के बाद भी आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। विभाग द्वारा कोई कार्यवाही ना करने के कारण मैने 07.11.25 को पुनः पत्र लिख कर कार्यवाही की मांग की कार्यवाही न होने पर 7 दिन बाद का कार्यालय



के बाहर धरना किया जाएगा SMDC मद की राशि DGO APP के माध्यम से लगभग 56,0000 रुपए अपनी पत्नी के नाम पर ट्रांसफर किया। 2. 2 वर्षों से विद्यालय की पुताई के लाखों रु के बिल लगे है लेकिन पुताई नहीं हुई, 3. बच्चों की परीक्षा फीस लगभग 250 रु जो कि संबल से वापस आते है, वो वापस नहीं किया एवं स्वयं खर्च किया। 4. लगभग 60,000 रु की विद्यालय की सामग्री बिना की वरिष्ठ अधिकारी की अनुमति के खरीदी किया। 5. गरीब बच्चों को शासन से सायकल मिलती है, प्रत्येक बच्चों से सायकल के 200 रु वसूली किया, मेरे फटकार लगाई तो कुछ राशि बच्चों को वापस किया।

### जिले में एस.आई.एस. सिंगरौली द्वारा सुरक्षा कर्मियों के लिए पंजीयन 25 नवम्बर तक

**सिवनी ।** एस.आई.एस. (सिक्युरिटी एण्ड इंटेलीजेन्स सर्विसेस) इंडिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षा कार्यों में रुचि रखने वाले अभ्यर्थियों के पंजीयन एवं प्रशिक्षण उपरांत स्थायी रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में पंजीयन शिविर आयोजित किए जाएंगेकमाण्डेंट, एस.आई.एस. प्रशिक्षण केन्द्र सिंगरौली द्वारा शिविर आयोजन हेतु अनुमति मांगे जाने पर पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शिविर आयोजन की अनुमति प्रदान की गई है। जिसमें 20 नवम्बर को थाना सिवनी, 21 नवम्बर को थाना लखनवाडा में, 22 नवम्बर को थाना डूंडासिवनी में, 23 नवम्बर को थाना बंडोल में, 24 नवम्बर को थाना बरघाट में, 25 नवम्बर को थाना कुरई, 10 नवम्बर को थाना अरी, 11 नवम्बर को थाना लखनादौन, 12 नवम्बर को थाना छपारा, 13 नवम्बर को थाना आदेगांव में, 14 नवम्बर को थाना धूमा में, 15 नवम्बर को थाना घंसौर में, 16 नवम्बर को थाना किंदरई में, 17 नवम्बर को थाना धनौरा में, 18 नवम्बर को थाना केवलारी तथा 19 नवम्बर 2025 को थाना कान्हीवाड़ा में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में इच्छुक उम्मीदवार अपना पंजीयन कराकर प्रशिक्षण उपरांत रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकेंगे।

## समय-सीमा बैठक संपन्न

# सीएम मॉनिट एवं सीपी ग्राम पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों को त्वरित निराकृत करने के निर्देश

सोमवार 10 नवंबर को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत,अपर कलेक्टर सी एल चनाप, अनुविभागीय अधिकारी सिवनी श्रीमती पूर्वी तिवारी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि खंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने सीएम हेल्पलाइन, समय-सीमा में दर्ज प्रकरण, जनसुनवाई सहित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को सीएम हेल्पलाईन 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए संतुष्टी से बंद करवाने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्रीमती पटले ने सीएम मॉनिट एवं सीपी ग्राम पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों को भी त्वरित रूप से निराकृत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये है। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने आगामी 12 नवंबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्यातिथ्य में प्रस्तावित राज्यस्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कार्यक्रम के व्यवस्थित आयोजन के लिए विभागवार अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों के संबंध में भी चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कार्यक्रम के गरिमामय एवं व्यवस्थित आयोजन के लिए अधिकारियों को सभी जरूरी व्यवस्थाऐं समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने धान उपार्जन की तैयारियों एवं नरवाई प्रबंधन की भी विस्तृत समीक्षा करते हुए मैदानी स्तर पर सीडर, हैपी सीडर, रोटावेटर के साथ मोबाईल श्रेडर जैसे उन्नत कृषि यंत्रों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जारी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की भी विधानसभावार समीक्षा की। उन्होंने बीएलओ द्वारा डोर टू डोर सर्वे तथा मतदाताओं से गणना पत्रक की प्राप्ति तथा डाटा मैपिंग की समीक्षा कर समय सीमा में गहन पुनरीक्षण की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दिये हैं।

# सिवनी जिले के शिवदयाल देशमुख को राज्य स्तर पर तृतीय स्थान

**सिवनी /** राज्य पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान, भोपाल के देवी अहिल्या सभागार में राज्य स्तरीय सहकार से समृद्धि गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिवनी जिले की दुग्ध सहकारी समिति भीमपाठा से जुड़े श्री शिवदयाल देशमुख को उनकी उत्कृष्ट कार्यकुशलता, समर्पण एवं योगदान के लिए दुग्ध संघ से जुड़े सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान (रद्ब) तकनीशियन श्रेणी में मध्यप्रदेश राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।



कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग, प्रबंध संचालक (एमपीसीडीएफ) डॉ. संजय गोवानी, संचालक (पशुपालन एवं डेयरी) डॉ. पी. एस. पटेल, तथा रीजनल हेड (एनडीडीबी) वी. श्रीनिवास सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### बैहर थाना क्षेत्र के ग्राम आमगांव की घटना, आरोपी गिरफ्तार

## सिरफिरे आशिक ने दिनदहाड़े सड़क पर युवती की गला रेतकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





बालाघाट जिले के बैहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आमगांव से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसे देखकर लोग सहम गए। ग्राम आमगांव के चौक पर एक सिरफिरे आशिक ने एक युवती की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी। घटना मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे की है। मृतका की पहचान शीतल भंडारकर निवासी आमगांव (22) के रूप में हुई है। वह बैहर में एक इलेक्ट्रानिक दुकान में काम करती थी। रोज की तरह वह मंगलवार सुबह घर से बैहर जाने के लिए चौराहे के पास बस का इंतजार कर रही थी। तभी शराब के नशे में धुत युवक वहां पहुंचा और युवती से कुछ देर बातचीत करने के बाद पास रखे चाकू से अचानक युवती के शरीर पर वार करना शुरू कर दिए। गला रेतकर हत्या करने के बाद आरोपित मृतका के सिर को अपनी गोद में रखकर बेसुध हो गया।

इस घटना में मानवता को शर्मसार करने वाला दृश्य भी देखने मिला। जिस वक्त आरोपित युवती की हत्या कर रहा था, तब कुछ लोग इसका वीडियो बना रहे थे। उसे रोकने या युवती को उसके चंगुल से छुड़ाने की किसी ने हिम्मत नहीं जुटाई। स्थानीय लोगों की सूचना पर बैहर पुलिस मौके पर पहुंची और बेसुध पड़े आरोपित को हिरासत में ले लिया। बताया गया कि आरोपित ने युवती की हत्या के बाद खुद को भी घायल किया है, जिसे बैहर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए बैहर अस्पताल भेजा गया है। इस मामले के संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदर्शकांत शुक्ला ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ लग रहा है। कथित प्रेमी ने युवती की निर्मम हत्या की है। आरोपित पुलिस की हिरासत में है। उससे पूछताछ की जा रही है।

वहीं वारदात से गुस्साए युवती के परिजन और गांव वाले बैहर थाने के सामने इकट्ठा होकर धरने पर बैठ गए हैं। उनकी मांग है कि पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए, एक सदस्य को सरकारी नौकरी, आरोपी को फांसी की सजा और उसके घर तोड़ा जाए।

### इनका कहना है

प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ लग रहा है। कथित प्रेमी ने युवती की निर्मम हत्या की है। आरोपित पुलिस की हिरासत में है। उससे पूछताछ की जा रही है। मृतिका युवती बैहर में एक फर्नीचर की दुकान पर काम करती थी। वह रोजाना गांव से बस से आना-जाना करती थी। रोजाना की तरह मंगलवार सुबह करीब 10 बजे आमगांव फाटा पर बस का इंतजार कर रही थी।

**आदर्शकांत शुक्ला**
**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, बालाघाट**

## इन्दौरी सर्किल में उपचार कार्य के नाम पर लाखों का भ्रष्टाचार

**सर्किल प्रभारी सुनील परते तथा बीटगार्ड की मिलीभगत से प्रमाणकों में भारी झोलझाल**




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

दक्षिण वनमंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र लालबर्रा में भ्रष्टाचार रूकने का नाम नही ले रहा हैं। पिछले दिनो बाघ के शव को जलाये जाने को लेकर सुर्खियों में रहे लालबर्रा रेंज की गूंज भोपाल तक सुनाई दी। दक्षिण वनमंडल में पदस्थ वनमंडल अधिकारी अधर गुप्ता नप गये। विस्थापन मामले में यहां पदस्थ एक बीटगार्ड नगपुरे के द्वारा लाखों रूपये की मांग की जाती हैं। वही शासन के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में चयन सह सुधार कार्य वृत अंतर्गत प्रथम वर्ष उपचार कार्य के नाम पर सर्किल प्रभारी सुनील परते के द्वारा शासन की योजना में पलीता लगाने का कार्य किया गया हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार एस.सी.आई. कूपो में उपचार कार्य के नाम पर लाखों के फर्जी भुगतान प्रमाणक तैयार कर भुगतान करा कर शासन की राशि में बंदरबाट की जाने की जानकारी प्राप्त हो रही हैं।

मिली जानकारी अनुसार बीट इन्दौरी तथा बीट अंतरा के कक्ष क्रमाकों में उपचार कार्य जैसे लेंटाना उन्मूलन, ब्रशुट, चेक डेम निमार्ण कार्य के नाम पर लाखों के भुगतान कागजों में दिखाये गये हैं। सूत्रों की माने तो इन्दौरी सर्किल में लगभग 14 लाख रूपये में प्रथम वर्ष उपचार कार्य के नाम पर बंदरबाट कर दिया गया हैं। यहां पर बीटगार्ड से लेकर रेंजर, डिप्टी रेंजर तथा वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी का परसेंटेज फिक्स हैं।

### इनका कहना हैं

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में जांच की जाएगी, जांच उपरांत उचित कार्यवाही की जाएगी।

**सीता भलावी, वन परिक्षेत्र अधिकारी लालबर्रा दक्षिण सामान्य**

### प्राइवेट स्कूलों की बस और वैन में स्कूली बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़

## चंद पैसों की लालच में प्राइवेट स्कूल संचालक मनमानी पर उतारू, नहीं है बच्चों की सुरक्षा का ध्यान

**क्षमता से ज्यादा बच्चे डो रही स्कूल बस और वैन**

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।




देश के सर्वोच्च न्यायालय ने स्कूल बस और वैन संचालित करने के लिए दिशा निर्देश जारी किए थे. जिसमें स्कूल बस और वैन का रंग पीला होना, स्पीड गवर्नर जीपीएस सीसीटीवी कैमरा स्कूल बस के आगे और पीछे स्कूल बस लिखा होना और हेल्पलाइन नंबर स्पष्ट अंकित होना, बस और वैनकी खिड़कियों में ग्रिल की अनिवार्यता, महिला अटेंडेंट की मौजूदगी स्कूल बस और वैन का वैध परमिट और ड्राइवर के लिए 5 साल का अनुभव फिटनेस सर्टिफिकेट, स्कूल बस और वै न में प्राथमिक चिकित्सा किट अग्निशामक यंत्र होना अनिवार्य कर दिया गया था । बावजूद इसके सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी गाइडलाइन का प्राइवेट स्कूल संचालक द्वारा संचालित स्कूल बसों और वैनो मे पालन नहीं हो रहा है जिससे बच्चों की जिंदगी खतरे में है. यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाली स्कूल बस और वैन का जिला प्रशासन,परिवहन विभाग और पुलिस विभाग ना निरीक्षण कर रहा है ना कार्रवाई कर रहा है, जिम्मेदार विभागों को चाहिए कि वह तत्काल शासन द्वारा जारी नियमों का उल्लंघन करने वाली स्कूल बस और वैन का निरीक्षण कर कार्रवाई करें और सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करा ना सुनिश्चित कराये ऐसा करने से होने वाली दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है।

### क्या हादसों का इंतजार कर रहा प्रशासन

क्या.. संबंधित विभाग और जिला प्रशासन हादसों का इंतजार कर रहा है.? लालबर्रा सहित क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों मे संचालित प्राइवेट स्कूलों की बस और वैनो को जो ड्राइवर चला रहे हैं अधिकांश ड्राइवर के पास 5 साल का अनुभव फिटनेस सर्टिफिकेट ही नहीं है जो जानकारी मीडिया के सामने आ रही है उसने यह साबित कर दिया है कि चंद पैसों की लालच में प्राइवेट स्कूल संचालक स्कूल वैन और बस में कम वेतन वाले ड्राइवर रखकर बच्चों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं लालबर्रा क्षेत्र में ऐसे दर्जनों स्कूल संचालित हो रहे हैं जिनके स्कूल वाहन मे अनुभव विहीन ड्राइवर स्कूल बस और वैन चला रहे हैं। प्रतिदिन सड़कों पर दौड़ रही स्कूल वैन और बस पर क्या जिम्मेदार विभाग की नजर नहीं है। अगर नहीं है तो आपका ध्यान आकृष्ट कराने यह खबर का प्रकाशन किया जा रहा है प्रबुद्ध जनों की मांग है कि समय रहते ऐसी स्कूल बसों और वैनों पर कार्रवाई हो जो खुलेआम यातायात नियमों का और सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी गाइडलाइन का उल्लंघन कर रही है। संबंधित परिवहन, पुलिस विभाग और जिला प्रशासन इस ओर गंभीरता से ध्यान दें और स्कूल बस और वैन का सतत रूप से निरीक्षण कर कार्यवाही करें।

### इनका कहना हैं

संबंधित थाना प्रभारी को निरीक्षण और कार्रवाई के लिए निर्देश जारी किए हैं।

**अनिमेष गढ़पाल ,**
**जिला परिवहन अधिकारी बालाघाट**

### शराब के नशे में स्कूल आने का मामला : कुण्डामोहगांव के प्राथमिक शिक्षक खिलेंद्र मानेश्वर को किया गया निलंबित

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्याय ने शासकीय प्राथमिक शाला कुण्डे के प्राथमिक शिक्षक खिलेंद्र मानेश्वर को शराब के नशे में शाला आने एवं अध्यापन कार्य नही करने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बालाघाट नियत किया जाता है।

किरनापुर विकासखंड के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल कुण्डामोहगांव के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कुण्डे में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक श्री खिलेन्द्र मानेश्वर के शराब के नशे में विद्यालय पहुंचते है, तथा शराब के नशे में धुत रहने के कारण अध्यापन कार्य कराने की स्थिति में नहीं रहने संबंधी जानकारी संज्ञान मे आने पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री उपाध्याय द्वारा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी किरनापुर एवं विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक किरनापुर का दल गठित कर प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया था।

जांच दल द्वारा ग्राम के सरपंच एवं अन्य ग्रामीणों से चर्चा की गई जिसमें बताया गया कि है कि प्राथमिक शिक्षक श्री मानेश्वर शराब पीकर स्कूल में आते हैं। इन्हे अनेको बार समझाया गया किन्तु इनके व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आया। शराब पीकर आने के पश्चात अध्यापन कार्य नहीं करा पाते है एवं छात्र-छात्राओं को गालियां देते है। इस अनुशासनहीनता के लिए इन्हे अनेको बार सरपंच एवं अन्य ग्रामीणों के द्वारा चेतावनी भी दी गई। किन्तु कोई सुधार नहीं हुआ।

प्राथमिक शिक्षक श्री खिलेन्द्र मानेश्वर द्वारा शासकीय कार्य में शिक्षक पद की गरिमा के विपरित अनुशासनहीनता, लापरवाही एवं नशीले पदार्थों का सेवन कर नशे की हालत में अनैतिक आचरण किये जाने के कारण उन्हे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## मलाजखंड ताम्र परियोजना की मजदूरों से भरी बस पलटी

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट स्थित मलाजखंड ताम्र परियोजना की अंडरग्राउंड खदान में मंगलवार दोपहर मजदूरों को ले जा रही एक बस पलट गई। इस हादसे में 12 से अधिक मजदूर घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह घटना साउथ ब्लॉक क्षेत्र में हुई।

यह हादसा दोपहर करीब एक से दो बजे के बीच हुआ, जब बस सेकेंड शिफ्ट के मजदूरों को लेकर जा रही थी। बताया गया है कि सभी मजदूर ठेका कंपनी एसएमएस प्राइवेट लिमिटेड के थे।



हादसे के बाद खदान में चीख-पुकार मच गई।

घायल मजदूरों को तुरंत मलाजखंड अस्पताल ले जाया गया, जहां से चार से पांच गंभीर घायलों को हायर सेंटर भिलाई रेफर किया गया है। घायल श्रमिकों में से एक, एसएमएस प्राइवेट लिमिटेड की रीत ने बताया कि बस का ब्रेक फेल हो गया था, जिसके कारण वह अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में लगभग 22 से 25 मजदूर सवार थे।

स्थानीय लोगों ने माइंस प्रबंधन पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मजदूरों को पर्याप्त सुरक्षा उपकरण के बिना काम पर लगाया जा रहा था। इस घटना के बाद श्रमिकों और उनके परिवारों में गुस्सा है।

### खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने वारासिवनी में की छापामार कार्यवाही

## होटल आशियाना व होटल सत्कार को कराया बंद

**बगैर पंजीयन के दो प्रतिष्ठान हो रहे थे संचालित**

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले होटल, रेस्टारेंट्स एवं प्रतिष्ठानों की निरंतर जांच कर खाद्य सुरक्षा अधिनियम का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी कड़ी में 11 नवंबर को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने वारासिवनी नगरीय क्षेत्र में छापामार कार्यवाही कर बगैर पंजीयन के खाद्य सामग्री का कारोबार करने पर दो प्रतिष्ठानों को बंद कराया है और गंदगी व काकरोच पाये जाने पर दो होटलों को भी बंद कराया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप ने बताया कि 11 नवंबर को खाद्य सुरक्षा अधिकारी वाजिद मोहीब, योगेश डोंगरे, नायब तहसीलदार तीरथ प्रसाद अक्षरया एवं पटवारी ललित नेवारे की टीम द्वारा बस स्टैंड वारासिवनी स्थित लगभग एक दर्जन खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर छापामार कार्यवाही की गई है। निरीक्षण के दौरान पलक रेस्टोरेंट, आहूजा बेकरी, राठौर होटल, रामबंधु भोजनालय एवं वैशाली राजपुरोहित स्वीट्स के लाइसेंस वैध पाए गए एवं साफ स्वच्छता उचित व संतोषजनक पाई गई। जबकि ताज पान पैलेस बिना रजिस्ट्रेशन खाद्य कारोबार करते पाया गया जिस पर तुरंत उसकी दुकान बंद कराई गई एवं बिना रजिस्ट्रेशन खाद्य व्यवसाय करने का प्रकरण बनाया गया। नागपुरे गिफ्ट कॉर्नर ड्राई फ्रूट सेंटर भी बिना खाद्य रजिस्ट्रेशन के संचालित होना पाया गया जिसे बंद कराकर बिना रजिस्ट्रेशन खाद्य कारोबार करने का प्रकरण बनाया गया ।

### होटल में पाये गये काकरोच, चूहे और भारी गंदगी

होटल आशियाना की जांच के दौरान वहां पर अत्यंत गंदगी पाई गई, दीवारों पर फफूंद लगी थी और किचन परिसर में खराब फर्श के कारण गंदगी फैली हुई थी। जिस पर होटल आशियाना का खाद्य लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया एवं होटल को बंद कराया गया । सत्कार होटल बस स्टैंड के निरीक्षण के दौरान मुख्य काउंटर में काफी संख्या मे कॉकरोच पाए गये। होटल के सफाई एरिया में टूटी फर्श एवं गंदगी तथा चूहों की उपस्थिति पाये जाने के कारण होटल को तत्काल दुकान बंद कराया गया और उसका खाद्य लाइसेंस निलंबित कर अस्वच्छता का प्रकरण तैयार किया गया है।

11 नवंबर के निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियिमितता के समस्त प्रकरणों खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत धारा 56 के तहत प्रकरण तैयार कर कार्यवाही के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किए जा रहे है। लायसेंस निलंबन अवधि में होटल द्वारा व्यवसाय नहीं किया जाएगा और इसका उल्लंघन करने पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी ।

## बालाघाट-सिवनी-मंडला के बीज विक्रेताओं ने किया हाई रिच सीड्स आर एंड डी विजिट

**हरिभूमि न्यूज हट्टा।** वर्तमान में धान बीज कंपनियां निरन्तर एक से बढ़कर एक उन्नत किस्म किसानो को दे रही है इसी क्रम में हाई रिच सीड्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी भी किसानों के लिए कुछ विशेष गुण वाली धान की किस्में पर अनुसंधान कर रही है 7 नवंबर 2025 को हाई रिच सीड्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की ओर से बालाघाट से 210 विक्रेताओं ने कुही नागपुर हाई रिच सीड्स आर एंड डी के लिए प्रस्थान किया इसके अलावा सिवनी जिले से 90, मंडला जिले से 30, महाराष्ट्र से 230 एवं छत्तीसगढ़ के 110 कुल लगभग 640 विक्रेताओं को कंपनी के रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्लांट जो कि महाराष्ट्र के कुही नागपुर में लगा है का विजिट कराया गया। हाई रिच सीड्स की ओर से धान के मुख्य ब्रीडर डॉ.श्री अरविन्द कुमार जी एवं असिस्टेंट ब्रीडर डॉ. श्री इस. जे. मल्लिकार्जुन जी ने विक्रेताओं को रिसर्च सेंटर में लगी लगभग 165 किस्मों के बारे में जानकारी दी इसके अलावा कंपनी की नई आने वाली किस्में जैसे MDR - 44 (मुस्कान), गौरी, MDR - 33 (रानी),



24018 (बीबी-11 किस्म) जो कि अभी ट्रायल कोड में है के बारे में भी बताया, विक्रेताओं ने अपने अपने क्षेत्र के अनुसार किस्मों का चयन कर अपने सुझाव भी कंपनी को दिए इस कार्यक्रम में कंपनी के जनरल मैनेजर राजेश शर्मा सर, जोनल मैनेजर, सुधीर जैन, रीजनल मैनेजर हरीश नागपुरे (म. प्र.),रीजनल मैनेजर पुनेश चौहान ( छ. ग.),रीजनल मैनेजर अमोल पवार (म. रा.)एरिया सेल्स मैनेजर सचिन शोले टेरिटरी मैनेजर इंद्रप्रकाश शरणागत, एवं धान सेल्स टीम के लगभग 50 एंप्लॉई उपस्थित रहे ।सभी विक्रेताओ ने हाई रिच सीड्स के उन्नत धान बीज की सराहना की एवं अपने किसानों को बेचने की बात भी कहीं।

### मामला जनपद पंचायत लालबर्रा का

## ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री के पंचो द्वारा की गई शिकायत की जांच आज

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** जनपद पंचायत लालबर्रा की ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री के जागरूक पंचो द्वारा ग्राम पंचायत में व्याप्त अनियमितताए और विकास कार्य के नाम पर सरपंच सचिव द्वारा फर्जी तरीके से राशि का आहरण एवं पँच मानदेय को लेकर अक्टूबर माह में जनपद पंचायत लालबर्रा पहुंचकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी को शिकायत प्रस्तुत किया था। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लालबर्रा द्वारा उक्त शिकायत की जांच करने चार सदस्यीय जांच दल नियुक्त किया है जांच दल में खंड पंचायत अधिकारी लालबर्रा खिलेंद्र सोनवंशी ,मनरेगा एपीओ रूपेश इवने, संदेश पारधी, एवं श्री रोकड़े सदस्य है। पंचों द्वारा प्रस्तुत शिकायत की जांच ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री में बुधवार दोपहर 12:00 शिकायतकर्ताओं, सरपंच सचिव रोजगार सहायक एवं चार सदस्यीय जांच की मौजूदगी में की जाएगी।


हरिभूमि सतपुड़ा भूमि
ग्राम पंचायत भांडामुर्री मे भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा, अजब भ्रष्टाचार की गजब कहानी

### 18 नवंबर को निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित होगा



**खैरलांजी।** शासकीय सामुदायिक अस्पताल खैरलांजी में 18 नवंबर को निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस बिसेन के द्वारा बताया गया । इस दौरान उक्त नेत्र शिविर में नेत्र चिकित्सक के द्वारा नेत्र रोगी की जांच कर उचित परामर्श व उपचार प्रदान किया जाएगा।

### एनएचएम की मिशन संचालक डॉ सलोनी सिडाना ने कलेक्टर मृणाल मीना की सराहना की

## 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' में प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश द्वारा संचालित "स्वस्थ नारी, सशक्त न परिवार अभियान" में बालाघाट जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश भर में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। इस सफलता पर मिशन संचालक डॉ. सलोनी सिडाना ने जिला कलेक्टर मृणाल मीना को बधाई पत्र भेजकर पूरे जिले की स्वास्थ्य टीम की सराहना की है।

डॉ. सिडाना ने अपने पत्र में कहा है कि बालाघाट जिले ने अभियान के दौरान 84.98 प्रतिशत महिला आबादी की स्क्रीनिंग कर "Excellent Achievement" उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल की है। उन्होंने इसे जिले की प्रशासनिक टीम, स्वास्थ्य विभाग, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा, एएनएम, सीएचओ, निक्षय मित्रों, पंचायत प्रतिनिधियों और स्वयं सहायता समूहों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया।

इस अभियान के अंतर्गत 1.96 लाख स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें 1.28 करोड़ से अधिक लोगों की जांच हुई। इनमें 93 लाख महिलाएं शामिल थीं। साथ ही, 42 हजार निक्षय मित्र और 55 हजार रक्तदाताओं ने भाग लेकर 52 हजार यूनिट रक्त संग्रह में योगदान दिया। यह statewide अभियान 'पोषण माह' एवं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के साथ संयोजन में चलाया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य, किशोरियों के पोषण और निवारक स्वास्थ्य जांच को सशक्त बनाना था।

मिशन संचालक डॉ. सिडाना ने कहा कि बालाघाट जिले की टीम ने इस अभियान में उत्कृष्ट नेतृत्व और समर्पण का परिचय दिया है। यह उपलब्धि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के समन्वित प्रयासों की मिसाल है। उन्होंने कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं पूरी टीम को अभियान की शानदार सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाईयां दीं है।